## एक नजर में

### भैंस चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा, तीन गिरफ्तार, चार फरार

**रतलाम।** जिले के सैलाना थाना क्षेत्र अंतर्गत भेंसो की चोरी वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफास किया है। आरोपियों से 2 भैंस व 2 भैंस के बछड़े सहित एक पिकअप वाहन जब्त किया गया है। पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है जब की चार आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है। फरियादी भारत लाल पिता भंवरलाल चौधरी द्वारा थाना सैलाना पर उपस्थित होकर रिपोर्ट लिखवाई थी कि रात्रि करीबन 11 बजे फरियादी भारत के खेत पर बने हुए मकान में से तीन भैंस व दो भैंस के बछड़े मकान का दरवाजा तोड़कर अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गए हैं और आसपास लगे कैमरे चेक करने पर एक पिकअप को आते जाते सीसीटीवी कैमरा में देखा है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना सैलाना पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।एसपी अमित कुमार द्वारा जिला रतलाम के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में मवेशियों की चोरी की घटनाओं पर गंभीरता जताई गई एवं इन चोरियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सैलाना द्वारा गठित टीम द्वारा प्रकरण के अनुसंधान के दौरान पूर्व के अपराधिक रिकॉर्ड, मुखबिर सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी में प्रयुक्त हुई पिकअप की तलाश करते हुए मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप को चेक करने पर दो भैंस व दो भैंस के बछड़े भरे हुए थे ।इसके बाद चोरी की शंका होने पर ग्राम बोडिना में हुई चोरी के फरियादी को तलब कर दिखाने के बाद फरियादी द्वारा अपनी भैंसों को व दोनों भैंस के बछड़ों को पहचान लिया गया, इसके उपरांत पिकअप में ड्राइवर व ड्राइवर के साथ बैठे दोनों व्यक्तियों के संदिग्ध होने से उनसे पूछताछ करने पर भैंस के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं होने से पूछताछ करने पर उनके द्वारा ग्राम बोदीना में अपने अन्य साथियों के साथ उक्त भैंसे चोरी करने की बात बताई। दीपक उर्फ दीपका पिता शम्भु कटारा, पप्पू पिता राजू मुनिया, मानसिंह पिता हड़िया मुनिया निवासी थाना थांदला जिला झाबुआ को गिरफ्तार किया। वहीं देवीलाल उर्फ देवला पिता जीतू कटारा, बालू पिता जीतू कटारा, हुक्का उर्फ हुलिया पिता बालू कटारा, राहुल पिता बहादुर कटारा देवीलाल उर्फ देवला पिता जीतू कटारा फरार हैं।

### स्वच्छता उत्सव मनाया

**रतलाम/सैलाना।** सेवा पखवाडा अंतर्गत पी एम श्री शासकीय एकीकृत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सैलाना में एनसीसी कैडेट्स द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई ।रैली में एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान के नारे लगाते हुए प्राचीन दार्शनिक कालिका माता मंदिर पहुंचकर मंदिर प्रांगण एवं आसपास की सफाई की गई तथा रैली पुन: विद्यालय में पहुंची। तत्पश्चात विद्यालय में विद्यालय की एनसीसी अधिकारी माया मेहता, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनीता छजलानी एवं वरिष्ठ व्याख्याता देवेंद्र तिवारी द्वारा स्वच्छता के संबंध में बच्चों को जागरूक किया गया। अंत में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक पौधा मां के नाम थीम पर विद्यालय परिसर सैलाना में एवं छात्राओं द्वारा अपने घर के आसपास भी पौधारोपण किया गया ।

### अंत्योदय और एकात्म मानववाद का अनुसरण ही पं.दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि होगी- गुर्जर

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पं .दीनदयाल उपाध्याय अच्छे विचारक, पत्रकार और चिंतक थे। उन्होंने जो विचार दिए, उन्ही पर आज भारतीय जनता पार्टी चल रही है और देश एवं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। अंत्योदय और एकात्म मानववाद का अनुसरण करना ही पं .दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कही। उनके मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को पं .दीनदयाल उपाध्याय की जयंती विभिन्न् आयोजनों के साथ मनाई गई ।इस दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निमिष व्यास, नवनियुक्त जिला पदाधिकारी जयंवत कोठारी, प्रहलाद राठौर, अनिता कटारिया, पवन सोमानी, सोनू यादव विप्लव जैन, राजेन्द्र पाटीदार, राजेन्द्र पाटीदार होस्टल, अनुज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, सह प्रभारी निलेश बाफना, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार आदि मंचासीन रहें।

### सांदीपनि विद्यालय आलोट में एक्टिजन क्लब का गठन



**आलोट।** देश अपनाए एक्टिजन कार्यक्रम की गतिविधियों के अंतर्गत 25 सितंबर को सांदीपनि विद्यालय आलोट में कक्षा 9वीं में चुनाव संपन्न हुए। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया विद्यालय के प्राचार्य फिरोज़ खान की देखरेख में नियम अनुसार पूरी की गई। चुनाव संचालन में विद्यालय की शिक्षिका पूजा अग्रावत मुख्य भूमिका में तथा आदित्य सेन ने सहायक की भूमिका निभाई। चुनाव के दौरान बैरागी सर, पूजा टेलर मैडम एवं बलराम सर उपस्थित रहे। चुनाव परिणाम में अध्यक्ष पद पर हर्षित राठौर एवं उपाध्यक्ष पद पर शुभम आंजना निर्वाचित हुए। दोनों ने शपथ ग्रहण कर दायित्व संभाला। इस अवसर पर छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्व समझा। प्राचार्य फिरोज़ खान ने निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

### कुछ हुंडी दलाल, पीड़ित लोगों ने थाने में दिया आवेदन



फोटो 8**जावरा।** नगर के कुछ हुंडी दलाल और पीड़ित लोगों ने एक बार फिर शहर थाने में आवेदन देते हुए समय से रुकी राशि को दिलाने की मांग की है। शहर थाना प्रभारी को दिए ज्ञापन में बताया कि जावरा नगर में कुछ व्यक्तियों द्वारा अमानत में खयानत एवं धोखाधड़ी का गहरा षड्यंत्र रचा जा रहा है, जिससे नागरिकों को भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। पूर्व में भी इस प्रकार की शिकायत पुलिस प्रशासन तक पहुँची थी, जिस पर एसपी ने करवाई के सख्त निर्देश दिए थे। परंतु अब तक ठोस कार्रवाई न होने से पीड़ितों में गहरी निराशा है। इसी क्रम में जावरा के व्यापारी संदीप ने नगर के कई गरीब नागरिकों से व्यापार में लाभ का लालच देकर धन एकत्र किया। प्रारंभ में राशि लौटाने का आश्वासन दिया, किंतु छह माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रकम वापस नहीं की। जब पीड़ितों ने पुन: संपर्क किया, तो संदीप ने स्पष्ट रूप से कहा मेरे पास पैसा नहीं है, जो करना है कर लो। झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। इस प्रकार पीड़ितों को न केवल आर्थिक क्षति पहुँची है, बल्कि मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जा रहा है। आवेदन पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाए।

### टेबल टेनिस संभागीय प्रतियोगिता के लिए दल रवाना-

**जावरा।** शालेय टेबल टेनिस संभागीय प्रतियोगिता के लिए रतलाम जिले की टीम में सम्मिलित होकर देवास जाने के लिए जावरा विकास खंड के चयनित छात्र – छात्राओं का दल जनरल मैनेजर विजय रावल, कोच जगदीश चौहान एवं मुफदल बोहरा के साथ प्रतियोगिता के लिए रवाना हुआ। जावरा बस स्टेण्ड से रवाना करते समय चयनित खिलाडियों के अभिभावकगण मौजूद रहें। जिसमें संदीप सक्सेना, अर्पित नांदेचा, दीपेश मनसुखानी, रवि पडियार, गगन श्रीमाल, मुमताज कुरैशी आदि उपस्थित थे।

# छत पर सो रही महिला की हत्या, नीचे फेंका

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले के रावटी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीड़ के ग्राम भीमपुरा भेतिया में पौते-पौतियों के साथ घर की छत पर सो रही महिला की बदमाशों द्वारा धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने व शव छत से नीचे फेंकने दिया। घटना से गांव में सनसनी फैल गई ।

**हथियार लेकर हमलावर छत तक पहुंचे, मारपीट भी की**

सूचना पर एएसपी राकेश खाखा, एफएसएल अधिकारी डॉ. अतुल मित्तल सहित अनेक पुलिस अधिकारी गांव पहुंचे तथा शुरू की। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार व गुरुवार की दरमियानी रात 12.30 से एक बजे के बीच की बताई जाती है। ग्राम पंचायत बीड़ के ग्राम भीमपुरा बेतिया (48) नानीबाई उर्फ निर्मला पति कैलाश भूरिया अपने घर की छत पर पांच पौते-पौतियों के साथ सो रही थी।



**अधिकारी पहुंचे, टीम ने सबूत जुटाए... जांच शुरू**

रावटी थाने से पुलिस अधिकारी घटनास्थल पहुंचे तथा जांच शुरू कर वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। कुछ देर बाद रतलाम से एएसपी राकेश खाखा व एफएसएल अधिकारी डा. अतुल मित्तल आदि भी वहां पहुंचे तथा घटना स्थल की बारिकी से जांच कर घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया। दोपहर में पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव नानाबाई के परिजन को सौंप दिया। टीम ने बारीकी से घटना की जांच कर सबूत जुटाए हैं।

**इनका कहना**

एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि नानीबाई के दो पुत्र हैं, दोनों पुत्र तथा पति मजदूरी करने या अन्य काम से बाहर गए हुए है। हत्या का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शीघ्र ही आरोपियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा, उसके बाद ही हत्या का कारण पता चल पाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

आधी रात धारदार हथियार लेकर दो हमलावर नानीबाई के घर की छत पर चढ़े तथा नानीबाई के साथ मारपीट की तथा उस पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मारा तथा नीचे फेंक दिया। बड़ी पौती लक्ष्मी जागी तो उसे भी मारने का प्रयास किया लेकिन वह उनसे बचकर भाग निकली व घर के पीछे खेत में जाकर छिप गई थी। गुरुवार सुबह घटना की खबर तेजी से फैली।



## गोमांस को कर मुक्त करने का विरोध, ज्ञापन सौंपा

**रतलाम।** विश्व हिन्दू परिषद ने गोमांस को कर मुक्त करने को लेकर गुरूवार को विरोध जताया और नारेबाजी की। परिषद के पदाधिकारी गुरूवार दोपहर को कलेक्टर पहुंचे। यहां प्रदर्शन करते हुए अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी अधिसूचना में गोमांस को करमुक्त घोषित कर दिया हैं। इस आदेश का विश्व हिन्दू परिषद कड़ा विरोध करती हैं। गौमांस को कर मुक्त करना गोहत्या को प्रोत्साहन देने जैसा हैं। इस दौरान प्रांत गोरक्षा प्रमुख जगदीश धाकड़, विभाग सह मंत्री पवन बंजारा, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख मोंटी जायसवाल आदि मौजूद थे।

**यह है मांगे**

राजपत्र में प्रकाशित गौमांस करमुक्ति संबंधी अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। गौमांस एवं उसकी संतति के मांस पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। छोटे जिलों एवं तहसीलों में चल रहे अवैध कसाईखानों पर कठोर कार्रवाई की जाए। राज्य एवं जिला स्तर पर कसाईखाना नियंत्रण समिति का गठन कर निगरानी सुनिश्चित करें। मांस बाजारों में उपलब्ध मांस का रैंडम सैंपल परीक्षण कर गौमांस की मिलावट /विक्रय पर रोक लगाई जाए। गोमांस को खाद्य सामग्री की श्रेणी से मुक्त रखा जाय। गौमूत्र एवं गोबर से बने उत्पाद को करमुक्त कर गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त करें।

## सार्वजनिक स्थानों पर सेल्फी पाईंट लगाकर किया जागरूक




नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिला में अभिमन्यु-3 अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर सेल्फी पाईंट लगाकर युवाओं को जागरूक किया गया।

**पुलिस के विशेष अभियान अभिमन्यु 3 के तहत नवाचार**

इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समाज में लडकों व पुरुषों को महिला संबंधी अपराधों के प्रति संवेदनशीलता की भावना को विकसित किये जाने के लिए मै हूँ अभिमन्यु अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कमार के निर्देशन में तथा अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश खाखा व अति पुलिस अधीक्षक (ग्रमीण) विवेक लाल के मार्गदर्शन में जिला रतलाम के अनेक थाना क्षेत्रो के अंतर्गत जिला रतलाम के शासकीय स्कुलो में मैं भी अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया नशा करना, दहेजप्रथा, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, सोशल मीडिया पर फैली अश्लीलता जैसी बुराइयां समाज में महिला सम्मान व सुरक्षा के विरुद्ध हैं संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही अभियान के उद्देश्य शिक्षित एवं संस्कारवान महिला/पुरुष किसी भी समाज के स्वस्थ-सुरक्षित वातावरण एवं उन्नति का परिचायक हैं। रतलाम में सार्वजनिक स्थानों पर सेल्फ़ी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया । स्कुल कालेजो में सेल्फी यह अभियान युवाओं को बेहतर समाज के निर्माण में उनकी भूमिका को दिशा प्रदान करने के संबंध में अवगत कराया गया । विशेष जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले में भी विभन्न नवाचार किए गए। थाना बरखेड़ा कला अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अभिमन्यु अभियान के तहत बच्चों को समझाइश दी गई वहीं थाना कालूखेड़ा अंतर्गत शासकीय हाइ स्कूल भैंसाना ने स उ नि युनुस खान द्वारा बच्चों को जागरूक किया।



## कलेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टर परिसर में किया श्रमदान

**रतलाम।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत गुरूवार को एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत रतलाम कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर राजेश बाथम, एडीएम डॉक्टर शालिनी श्रीवास्तव, निगम आयुक्त अनिल भाना, महिला सशक्तिकरण अधिकारी आर के मिश्रा, कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारी नगर पालिका निगम के कर्मचारी आदि की उपस्थिति में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत श्रमदान कर परिसर की सफाई की गई । इस दौरान परिसर में सफाई कर कचरा एकत्रित किया गया।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 350 को स्वास्थ्य सेवाएं दी

**रतलाम।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत गुरूवार को स्वास्थ्य केंद्र रिंगनोद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें 350 ग्राम वासियों का मेडिकल कॉलेज रतलाम एवं सिविल हॉस्पिटल जावरा से आए विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जावरा ब्लॉक सीबीएमओ डॉ. शंकरलाल खराड़ी ने बताया कि अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ को भेज कर महिलाओं की गर्भावस्था एवं प्रसव पूर्व जांच संबंधी सेवाओं सहित गैर संचारी रोग जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, स्तन एवं ग्रीवा कैंसर आदि की सेवाएं उपलब्ध कराई। वहीं स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ विवेक शर्मा, डॉ रवि पाटीदार और डॉ आकांक्षा उपाध्याय द्वारा पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल रिंगनोद से आई छात्राओं का स्वास्थ्य, खानपान, रहन सहन संबंधी जानकारी दी व स्वास्थ्य परीक्षण किया। अतिथि जिपं सदस्य महेंद्र सिंह, सरपंच युसूफ खान, सांसद प्रतिनिधि मनोज मेहता, मंडल अध्यक्ष मांगीलाल पांचाल, महामंत्री विनोद शर्मा, आकाश चोपड़ा उपस्थित रहे।

# प्रेस क्लब का तीसरा पुरस्कार वितरण समारोह कल

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** रतलाम प्रेस क्लब द्वारा शनिवार को बरबड़ रोड स्थित होटल श्रीजी पैलेस में सुबह 10.30 बजे से पत्रकारिता के भाल पर उत्कृष्टता का तिलक शीर्षक से उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार-3 समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष समारोह में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कश्यप मुख्य अतिथि होंगे।

**मंत्री चेतन्य काश्यप रहेंगे मुख्य अतिथि**

महापौर प्रह्लाद पटेल, कलेक्टर राजेश बाथम तथा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी एवं सचिव यश शर्मा (बंटी) ने बताया कि इस बार आयोजन के अंतर्गत 14 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक विजेता को 11,000 नगद एवं शिल्ड दी जाएगी।

### 14 लोगों को मिलेगा पुरस्कार

जूरी के निर्णय अनुसार प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और वेब श्रेणी में 3-3 पुरस्कार दिए जाएंगे। फोटोग्राफी, खेल और कृषि श्रेणी में 1-1 पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक वरिष्ठ पत्रकार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और एक ग्रामीण पत्रकार को उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

### स्मृतियों को संजोने का प्रयास

निर्णय की घोषणा कार्यक्रम के दौरान ही होगी, जिसे उस समय तक गोपनीय रखा जाएगा। रतलाम प्रेस क्लब द्वारा दिए जाने वाले सभी पुरस्कार शहर के दिवंगत और ख्यात पत्रकारों के नाम पर समर्पित हैं, ताकि उनकी स्मृतियाँ अमर रहें और नई पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके।

### तीसरी श्रंखला की गूंज

यह आयोजन अपनी तरह की तीसरी श्रंखला है। इससे पहले दो बार समारोह का सफल आयोजन हो चुका है, जिसे प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर से सराहना मिली थी। प्रेस क्लब कार्यकारिणी ने बताया कि समारोह की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। आयोजन में रतलाम के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पत्रकारों की उपस्थिति रहेगी।

**प्रदेश के पत्रकारों ने लिया निर्णय**

आमंत्रित प्रविष्टियों में 1 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक की सर्वश्रेष्ठ खबरें शामिल थीं। इनका चयन भोपाल और इंदौर के वरिष्ठ पत्रकारों की निर्णायक समिति द्वारा किया गया बताया गयाकि पूरे प्रदेश में रतलाम प्रेस क्लब ही ऐसा अनूठा प्रेस क्लब है, जहाँ युवाओं और नए पत्रकारों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती हैं। इस वर्ष भी प्रेस क्लब ने पत्रकारों से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, वेब एवं फोटोग्राफी श्रेणी में आवेदन आमंत्रित किए थे। साथ ही, खेल और कृषि की दो विशेष श्रेणियाँ भी जोड़ी गईं।



## सेवा पखवाड़ा :सांसद की मौजूदगी में हुए कई आयोजन

**आलोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गुरूवार को सांसद की मौजूदगी में कई कार्यक्रम हुए। भाजपा मंडल आलोट द्वारा नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य परीक्षण स्वच्छता मिशन पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ नगर पंचायत द्वारा दिलाया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुए इस दौरान आलोट उज्जैन संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया के उपस्थिति में संपन्न हुए। आलोट मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया, पूर्व मंडी अध्यक्ष ओपेन्द्र सिंह यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालूसिंह परिहार, विधानसभा प्रभारी नंदनराज जैन, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक (बंट) जैन, नप उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह सोलंकी, जिला मंत्री प्रतापसिंह, दिनेश कोठारी, पूर्व नप अध्यक्ष एवं पार्षद पवन शर्मा, मनु ऊंटवाल, कार्यक्रम प्रभारी अनिल पोरवाल, महामंत्री सह प्रभारी डूंगर सिंह आदि मौजूद थे।



## सरसी प्राचार्य की विभागीय जांच की जाए, शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जावरा।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जावरा तहसील ने अनुविभागीय अधिकारी सुनील जायसवाल को सरसी प्राचार्य की विभागीय जांच के लिए ज्ञापन दिया। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला संरक्षक सर्वेश कुमार माथुर ने कहा कि विगत दिनों सरसी प्राचार्य ने मध्यप्रदेश शिक्षक संघ पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया जो अपनी नाकामी छुपाने के लिए निराधार बेबुनियाद आरोप है। जिला संगठन मंत्री बीएल मडोतिया ने बताया कि पिछले दिनों सरसी प्रबंधन के विरुद्ध बच्चों एवं पालकों ने धरना प्रदर्शन किया था। बच्चों ने शिक्षकों के समय पर नहीं आना, पाठ्य-पुस्तकों का वितरण नही होना, शाला की सफाई व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था न होना तथा शिक्षकों की कमी बताया। प्राचार्य द्वारा अपनी नाकामी छुपाते हुए कहा कि संघ मुझे मानसिक प्रताड़ना दे रहा है। शिक्षक संघ मांग करना आदि विषयों पर विभागीय जांच की जावे। जिलाध्यक्ष गोपाल उपाध्याय, जिला सचिव जितेंद्र सिंह चौहान, जिला कोषाध्यक्ष बाबुलाल छाबड़ा, जिला उपाध्यक्ष संजय द्विवेदी, विजय सैनी जावरा तहसील अध्यक्ष दिनेश जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सुनील कोठाने, संगठन मंत्री विश्व मित्र पंवार अशोक मुजाल्दे आदि उपस्थित थे।

**पर्व** | नौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत माँ चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना कर भव्य आरती की

# डांडिया रंग में रंगी जावरा, रंग-बिरंगे परिधानों से सजा माहौल

नवभारत न्यूज

**जावरा।** श्री नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में प्रतिदिन गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत माँ चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना कर भव्य आरती की गई । बाद मे बालिकाओं द्वारा मातारानी के पंडाल में गरबे की सुंदर प्रस्तुति दी गई । आरती के लाभार्थी श्री नवदुर्गा उत्सव समिति कोषाध्यक्ष भागीरथ मालवीय परिवार रहे। मुख्य अतिथि कानसिंह चौहान, केकेसिंह कालूखेड़ा, सुनील भावसार, देवेंद्र शर्मा, कीर्तिशरण सिंह, शिवेंद्र माथुर, राजेश धाकड आरडी रहे। समित के सदस्यों और पटेल कॉलोनीवासियों द्वारा अतिथियों का मातारानी का दुपट्टा ओढ़ाकर कर स्वागत किया। प्रसादी वितरण एवं कन्याओं के लिए फरियाली का वितरण श्री नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा किया गया। सह



सचिव सुधीर पंवार ने बताया कि गरबे का प्रशिक्षण लक्षिता राठौर दे रही है। अध्यक्ष वीरेंद्रसिंह डोडिया, उपाध्यक्ष शिवराजसिंह तोमर एवं भद्रवीरसिंह पंवार, सचिव गिरिराज भट्ट, राजपालसिंह डोडिया, सह सचिव इंदरसिंह भयडीया, जगदीशचंद्र सोलंकी, मनोहरसिंह मुजाल्दे, उप कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, संयोजक दुर्गा सिंह डोडिया, सह संयोजक बीएस अलावा, पुष्पेंद्र शिकारी, गौतम जैन, डॉ अंकित विजयावत, डॉ नरेंद्र कुमार वर्मा, केवलसिंह राठौर, बलवंत सिंह राठौर, सरदार सिंह बघेल, कलमसिंह सिसोदिया, अशोक मुजाल्दे, पूनमसिंह अचाले, बिंदुसिंह अलावा, अमित पटेल, दीपक चौहान, बलवंत सिंह राठौर, नवीन पालीवाल, बबलू सिंह राठौर, सुदर्शन पालीवाल, अनिल जोशी, अंकित सिंह तोमर एवं कॉलोनी के सभी नागरिक उपस्थित होकर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन नटवरसिंह पंवार ने किया।

### कोठी बाजार में गुजराती गरबे

श्री नवदुर्गा उत्सव समिति कोठी बाजार के तत्वावधान में मनाये जा रहे नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत गरबा मंडल की सीनियर बालिकाओं द्वारा आकर्षक मनमोहक गुजराती गरबे की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को नगर की जनता ने सराहा । अतिथि लोकेश विजवा, दशरथ कसानिया, एडवोकेट संतोष मेडतवाल, एडवोकेट तन्मय सोनी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था अध्यक्ष पुष्पक चौरसिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर संस्था के अनिल दसेड़ा, विनोद मेहता, आलोक मोदी, राजकुमार पोरवाल, सचिव संदीप दसेड़ा, कोषाध्यक्ष प्रियंक धारीवाल, पंकज पोरवाल, मनीष पोरवाल, सौरभ सिंघल, गोपाल पोरवाल, नगिन सकलेचा, मनीष मेहता आदि सदस्य मौजूद थे।